





### एक नजर में



### आईईएस स्कूल के छात्रों ने किया आईआईटी इंदौर का भ्रमण

**सीहोर.** आईईएस पब्लिक स्कूल ने हाल ही में ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए आईआईएम के बाद आईआईटी इंदौर की एक शैक्षिक यात्रा का आयोजन किया. आईआईटी इंदौर में छात्रों को परिसर का भ्रमण कराया गया. छात्रों ने विभिन्न शोध प्रयोगशालाओं का दौरा किया. जहां आधुनिक उपकरण और प्रयोग के बारे में जानकारी प्राप्त की. प्राध्यापकों ने धैर्यपूर्वक प्रत्येक प्रयोगशाला के उद्देश्य और छात्रों द्वारा की जा रही परियोजनाओं के बारे में बताया. साथ ही, उन्होंने हमसे प्रश्न पूछकर हमारे ज्ञान का परीक्षण किया. आत्मविश्वास से उत्तर देना चुनौतीपूर्ण और रोमांचक दोनों था. डायरेक्टर मनीषा कवठेकर ने छात्रों की जिज्ञासा की प्रशंसा की.



### केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान का विधायक राय ने किया स्वागत

**सीहोर.** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का शनिवार को विधायक सुदेश राय ने स्वागत किया. कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर-भोपाल हाईवे पर विधायक सुदेश राय से जिले की राजनीति गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी प्राप्त की. स्वागत के दौरान विधायक सुदेश राय के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर, पूर्व जिला अध्यक्ष सीताराम यादव, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति व कार्यकर्ता मौजूद थे.




### त्योहारों को लेकर हुई शांति समिति की बैठक

**भैरूंदा.** नवरात्रि पर्व एवं आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में नवरात्रि पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था आदि विषयों पर चर्चा की गई. बैठक में संबंधित समितियों के सदस्यों को दिशा-निर्देश प्रदान किए गए. बैठक में मूर्ति विसर्जन स्थलों को लेकर भी चर्चा की गई तथा उपस्थित सदस्यों से उनके सुझाव व समस्याएं सुनी गई और समाधान के लिए निर्देश दिए गए. बैठक में निर्देश दिए गए कि झांकी, पंडालों में विद्युत उपयोग हेतु अस्थाई बिजली कनेक्शन अनिवार्य रूप से लिया जाए. पंडालों में अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा के समुचित प्रबंध किए जाएं. भीड़ नियंत्रण के लिए बैरिकेडिंग, सीसीटीवी कैमरे एवं वॉलंटियर्स की व्यवस्था की जाए. गरबा पंडालों में एंट्री पास की व्यवस्था की जाए. बैठक में एसडीएम सुधीर कुशवाह, थाना प्रभारी एवं मीडियाकर्मी शामिल हुए.




### चंदेरी में गौमाता को सुनाई जा रही भागवत कथा

**सीहोर.** श्री मां शारदा वैदिक संस्थान के तत्वाधान में आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री द्वारा अनोखी पहल की गई. जहां वह गौमाता को सात दिन के लिए श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करा रहे हैं. कथा चंदेरी ग्राम में श्रीराम गौ सेवा आश्रम में चल रही है. जहां नित्य निरंतर 25 गौमाता आनंद के साथ कथा को श्रवण कर रही हैं. साथ ही ग्रामवासी एवं भी कथा में पहुंच रहे हैं. संजय चांडक ने बताया कि यह प्रथम अवसर है, जब जिले में किसी भी स्थान पर गौमाता को कथा श्रवण कराई जा रही है. आचार्य पंडित हर्षित शास्त्री का संकल्प था कि वह गौमाता को कथा सुनाएंगे. इसी क्रम में आज कथा का शष्ठ दिवस विश्राम हुआ अमावस्या के अवसर पर कथा का विश्राम एवं पूर्णाहुति होगी. इस अनोखे धार्मिक अनुष्ठान के लिए श्रीराम गौसेवा आश्रम एवं समस्त चंदेरी वासियों ने आचार्य पंडित हर्षित शास्त्रीजी का आभार प्रकट किया.




### मूक-बधिर नेहा चित्रकला में आई प्रथम

**सीहोर.** मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम मुंगावली स्कूल की कथा दसवीं की छात्रा कुमारी नेहा कुशवाहा जो कि न बोल सकती है और न ही सुन सकती है. इस बालिका ने बाल रंग में जिला स्तर पर एकल अभिनय किया. जो कि एक पेड़ मां के नाम पर था. बिना बोले अभिनय किया एवं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संभाग स्तर के लिए चयनित हुई है. इस बालिका में आत्मविश्वास की ज्योति जगाने वाली स्कूल की शिक्षिका ज्योति त्यागी के मार्गदर्शन में बालिका पहली बार किसी प्रतियोगिता में शामिल हो सकी. इस अवसर पर पैरा ओलंपिक में स्वर्ण पदक विजेता कपिल परमार, प्राचार्य आरडी सोलंकी, राजेश कसोटिया, रितेश राठौर, जितेंद्र बड़ोदिया, पूजा गांधी, घनश्याम दोग्ने एवं स्टाफ द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी गई हैं.

# बारिश फेर रही किसानों की मेहनत पर पानी

## खेतों में पककर कटने को तैयार सोयाबीन की फसल को नुकसान का खतरा, खेतों में जलभराव के बने हालात



**सीहोर.** इन दिनों बारिश का दौर शुरू होने से खेतों में पककर कटने को तैयार खड़ी फसलों पर खराब होने का खतरा मंडरा रहा है.

- क्षेत्र में हो रही सोयाबीन की फसल कटाई
- खेतों में पानी भराने से फसल में गलाव लगने का खतरा बढ़ा

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 सितंबर. फसलों को जब बारिश की दरकार थी तब तेज धूप खिल रही थी. अब जब फसल पककर कटने को तैयार है तब बारिश का दौर शुरू हो गया है. इस बारिश से सोयाबीन की फसल को अब नुकसान हो रहा है. जिन किसानों ने अरली वैरायटी किस्में बोई थीं उनकी फसलें अब पककर तैयार हैं. कई जगह तो किसानों ने सोयाबीन की कटाई का काम भी शुरू कर दिया था. तेज बारिश से कई गावों के खेतों में एक से दो फीट तक पानी भर गया है.**

बारिश का दौर शुरू होने से अब किसान परेशान नजर आ रहे हैं. उनका कहना है कि पहले पीला मौजेक से सेयाबीन के खेतों के खेत पीले पड़ गए थे. जो थोड़ी बहुत फसल बची थी वह अब बारिश ने खराब कर दी. जिन किसानों ने अरली वैरायटी किस्में बोई थीं वह फसल पककर तैयार है, इसलिए इस फसल को सबसे अधिक नुकसान हुआ है. खेतों में इतना पानी भर गया है कि कई दिन तक तो इसे काट भी नहीं सकते हैं. इस कारण पूरी फसल बर्बाद हो गई. ग्राम कुलांसखुर्द, हीरापुर, बरखेड़ी, चंदेरी, पिपलनेर और बमूलिया में काफी तेज बारिश हुई है जिससे खेतों में पानी भर गया है. आष्टा क्षेत्र में भी तेज बारिश ने सोयाबीन की फसल को काफी नुकसान किया है. शनिवार को भी खेत पानी से भरे हुए दिखाई दे रहे थे. किसानों का कहना है कि फसलों का सर्वे शुरू होना चाहिए. उन्हें नुकसान हुआ है. शनिवार को भी दिन में रह रहकर बारिश का सिलसिला बना रहा. फसल कटाई के समय पानी बरसने से किसानों के चेहरों पर हवाईयां उड़ रही हैं. उन्हें अपनी मेहनत पर पानी फिरता नजर आ रहा है.

### किसान मेरे पास सोयाबीन लेकर खड़े हैं : शिवराज

**इछावर.** किसानों की समस्या सुनते ही केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एक्शन मोड़ में आ गए. शनिवार दोपहर वह भोपाल-इंदौर हाईवे से गुजर रहे थे. इछावर जोड़ पर भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया. इसी दौरान बड़ी संख्या में किसान वहां पहुंचे और मंत्री से सीधे अपनी परेशानियां साझा की. किसानों ने बताया कि पिछले कुछ समय से लगातार खराब मौसम और अन्य कारणों से उनकी सोयाबीन की फसलें बर्बाद हो रही हैं. किसानों ने कहा कि खेतों में खड़ी फसलें सूख गई हैं, जिससे उन्हें भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है. किसानों ने कृषि मंत्री से गुहार लगाई कि सरकार तुरंत सर्वे कराए और उन्हें मुआवजा व फसल बीमा का लाभ दिलाया जाए. किसानों की व्यथा सुनते ही मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मौके पर ही कलेक्टर को फोन लगाया और सख्त निर्देश दिए कि जिले में खराब हो रही सोयाबीन की फसलों का तुरंत सर्वे कराया जाए. साथ ही यह भी कहा कि किसी भी किसान को बीमा योजना का लाभ लेने से वंचित नहीं रहना चाहिए.



### कृषि वैज्ञानिकों व अधिकारियों ने किया खेतों का भ्रमण

कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा सोयाबीन की फसल को स्टेम फ्लाई एवं पीला मौजेक आदि रोगों से बचाने एवं किसानों को परामर्श देने के उद्देश्य से किसानों के खेतों का भ्रमण किया जा रहा है. विभाग के अधिकारी एवं कृषि वैज्ञानिक भ्रमण कर किसानों को जानकारी दे रहे हैं. कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों द्वारा आष्टा तहसील के ग्रामों में किसानों के खेतों का भ्रमण किया गया. भ्रमण के दौरान किसानों को बताया गया कि सोयाबीन की फसल पर इस बार भी स्टेम फ्लाई का प्रकोप अत्याधिक देखा गया है. आगामी फसलों के समय फसलों को इसके प्रकोप से बचाने के लिए उन्होंने किसानों को सलाह दी.

### कई अनियमितताओं को लेकर सौंपा ज्ञापन



सीहोर. अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री खुशहाल मोटवानी के नेतृत्व में एक्सीलेंस स्कूल के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया. ज्ञापन में बताया कि एक्सीलेंस स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. बाथरूमों की स्थिति खराब है, साफ-सफाई नियमित नहीं की जाती. विद्यालय परिसर में समुचित सफाई व्यवस्था नहीं है. खेल का सामान नहीं है. विद्यार्थी खेल गतिविधियों से वंचित हैं तथा गेम्स पीरियड भी नहीं होते. परिसर में पार्किंग स्थल एवं छात्रा शौचालय की दीवार अधूरी हैं. म्यूजिक व वेटलिफ्टिंग का सामान नहीं है. कक्षा 9 वीं के नए भवन में बाथरूम एवं वाटर कूलर की सुविधा नहीं है, जिससे विद्यार्थियों को कठिनाई होती है. अभाविप ने मांग की है कि उक्त सभी समस्याओं का समाधान सात दिवस के भीतर सुनिश्चित किया जाए. अन्यथा विद्यार्थी परिषद आंदोलन के लिए बाध्य होगा. ज्ञापन सौंपने वालों में गौतम देशराज, शिवांग, लक्ष्य, नागेश, कालेज अध्यक्ष हिमांशु, प्रियांशु विद्यालय प्रमुख हर्षित, शिवम, वरूण, अंकित, देवेन्द्र, राहुल, प्रतीक, नवीन, रितिक मौजूद थे.

## ट्रक से टकराकर गड्ढे में पलटी यात्री बस

- बीती रात कुबेरेश्वर धाम के समीप हुआ सड़क हादसा
- दुर्घटना के बाद ट्रक और बस दोनों ही पलटे




नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 सितंबर.** बीती देर रात मंडी थाना अंतर्गत कुबरेश्वर धाम के पास ग्राम नापलाखेड़ी के नजदीक एक यात्री बस पलट गई इस हादसे में 6 यात्री घायल हो गए बताया गया है कि यह बस इंदौर से भोपाल जा रही थी. सभी घायलों को मंडी थाना पुलिस ने उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा.

जानकारी के अनुसार बीती रात इंदौर से भोपाल जा रही यात्री बस जब कुबेरेश्वर धाम के समीप पहुंची तभी आगे चल रहे ट्रक चालक ने ब्रेक लगा दिए. नतीजतन बस पीछे से ट्रक में जा टकराई. इस हादसे में जहां ट्रक पलट गया वहीं यात्रियों से भरी बस भी सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी. बस को पलटा हुआ देखकर वहां से निकल रहे राहगीरों ने इसकी सूचना मंडी थाना पुलिस को दी. इसके बाद मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. पुलिस के जवानों व राहगीरों के सहयोग से 3 घंटे की मशक्कत के बाद बस से यात्रियों को निकालकर नजदीक के अस्पताल भिजवाया गया. मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि सभी घायल भोपाल के निवासी हैं जो प्राथमिक उपचार के बाद भोपाल रवाना हो गए थे.

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**शाहगंज.** थाना क्षेत्र में बीती रात नगर में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को 15 वर्षीय नाबालिग ने अपने परिजनों के साथ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी राहुल केवट निवासी केवट मोहल्ला ने उसके साथ जोर जबरजस्ती कर बंद कमरे में दुष्कर्म किया. पीड़िता ने आपबीती परिजनों को बताई और परिजनों के साथ पुलिस थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में आरोपी को जेल पहुंचा दिया है.

## मूल्यांकन परीक्षा में शामिल हुए नवसाक्षर

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 सितंबर.** जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है. इसके तहत जिले के सभी विकासखंडों में 1501 परीक्षा केंद्रों पर बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा का आयोजन किया गया. परीक्षा में जिले के 43,430 नवसाक्षर शामिल किए जाने का लक्ष्य रखा गया था. जिनमें से परीक्षा में 40 हजार 343 नवसाक्षर शामिल हुए.

जिला परियोजना समन्वयक आरआर उईके ने बताया गया कि आष्टा विकासखण्ड के 393 केन्द्रों पर 12 हजार 390 बुधनी विकासखण्ड के 194 केन्द्रों पर 4 हजार 104, इछावर में 206 केन्द्रों पर 6 हजार 741, भैरूंदा में 303 केन्द्रों पर 5 हजार 166 एवं सीहोर में 405 केन्द्रों पर 11 हजार 942 वयस्क नवसाक्षर परीक्षा में शामिल हुए. कार्यक्रम में अभी तक 8 मूल्यांकन परीक्षाओं का आयोजन किया जा चुका है.

जिला परियोजना सन्वयक श्री उईके ने बताया कि नवभारत साक्षरता बुनियादी साक्षरता मूल्यांकन परीक्षा में उत्तीर्ण नवसाक्षरों को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी संस्थान द्वारा साक्षरता परीक्षा का प्रमाण-पत्र भी जारी किया जाएगा. नवसाक्षरों को परीक्षा केन्द्र तक लाने में अक्षर साथी, सामाजिक संस्था, वरिष्ठ नागरिकों, एनएसएस, एनसीसी, भारत स्काउट गाइड, नेहरू युवा केन्द्र, जन अभियान परिषद का भी सहयोग भी लिया गया. परीक्षा के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण भी किया.

### त्योहारों को लेकर एसपी ने ली वर्चुअल बैठक

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 सितंबर.** एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा समस्त पुलिस अधिकारियों की आगामी नवरात्रि, दशहरा त्यौहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए शुक्रवार को वर्चुअल बैठक ली गई.

बैठक में नवरात्रि, गरबा, दशहरा एवं विसर्जन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, रूट व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई. उन्होंने निर्देशित किया कि सभी संबंधित विभाग जैसे नपा, एमपीईबी, फारेस्ट, राजस्व, होमगार्ड इत्यादि से आपसी समन्वय कर आगामी आयोजनों के दौरान समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं. आयोजकों से चर्चा कर वॉलेटियर तैयार कराकर उन्हें संवेदनशील क्षेत्र में लगाया जाए. उपलब्ध संसाधनों एवं ग्राम, नगर रक्षा समिति के सदस्यों तथा ग्राम कोटवारों, वन विभाग एवं सिविल डिफेन्स वॉलेटियरों का त्यौहार के अवसर पर उपयोग किया जाए. रात्रि गश्त पार्टियां सभी झांकियों एवं महत्वूपर्ण धार्मिक स्थलों पर भ्रमण करें तथा जिस वॉलेटियर की पांडाल में डियूटी लगाई गई उसे चेक करें. बड़े गरबा स्थल पर सीसीटीवी कैमरा, प्रवेश व्यवस्था तथा महिला एवं पुरूष बालेटियर/बाउसंर की व्यवस्था हेतु आयोजकों को बताया जाए. गरबा क्षेत्र के आने जाने मार्ग पर महिला एवं बच्चियों की सुरक्षा के लिए पुलिस की पेट्रोलिंग की जाए.

## अजगर ने किया घायल फिर भी सर्पमित्र ने पकड़ा

- रेलवे स्टेशन के पार्क में निकला था विशालकाय अजगर
- रेस्क्यू के दौरान अजगर ने किया सर्पमित्र को घायल

नवभारत न्यूज

**बुधनी 20 सितंबर.** नगर में बीती शाम रेल्वे स्टेशन परिसर में बने पार्क में विशाल अजगर निकलने की सूचना से हड़कंप मच गया. रेल्वे कर्मचारी व लोगों की भीड़ जमा हो गई.

अजगर को पकड़ने के लिए सर्प मित्र अशोक पारे को बुलाया. मौके पर पहुंचे सर्प मित्र ने पार्क में छुपे अजगर को देखा तो पता चला अजगर की लंबाई करीब 14 फिट थी जिसे काबू में करने के लिए ज्यादा लोगों की आवश्यकता थी. इस दौरान मौजूद भीड़ में से कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाई और सर्प मित्र अशोक पारे के साथ मिलकर अजगर को पकड़ने का रेस्क्यु ऑपरेशन शुरू किया. विशाल अजगर ने लोगों को काफी छकाया कड़ी मशक्कत के बाद अजगर को काबू में किया गया. सर्प मित्र द्वारा बोरी में बंद करने के दौरान अजगर बेकाबू हो गया और सर्प मित्र के हाथ में काट लिया. अजगर के हमले से सर्प मित्र जख्मी हो गए. उनके हाथ से खून निकलने लगा घायल अवस्था में भी खतरनाक बेकाबू हो चुके अजगर को बोरी में बंद करने में कामयाब हुए. इसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्होंने सिविल अस्पताल पहुंचाया. जहां उनका इलाज किया गया. इस दौरान वन विभाग को सूचना दी गई. वन विभाग अमला अस्पताल पहुंचा और घायल सर्प मित्र को निजी अस्पताल भेजा गया. जहां डॉक्टरों की निगरानी में उन्हें रखा गया. शनिवार को सुबह उनकी हालत स्थिर बताई गई थी. तो वहीं अजगर को वन विभाग के सुपुर्द किया गया. गौरतलब है कि सर्पमित्र अशोक पारे द्वारा अब तक हजारों सर्प की जिंदगी बचाई जाकर उन्हें जंगल में सुरक्षित छोड़ा गया है.




**शपथ ग्रहण** | दि ऑक्सफोर्ड स्कूल में विद्यालयीन मंत्रीमंडल का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न

## अनुशासित रहकर ही किया जा सकता हर क्षेत्र में नेतृत्व

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 सितंबर.** स्थानीय दि ऑक्सफोर्ड हायर सेकेंड्री स्कूल में वर्तमान परिदृश्य में विद्यार्थियों को लोकतंत्र प्रक्रिया से अवगत कराने एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करने के उद्देश्य से शिक्षण सत्र के लिए 31 वां विद्यालयीन मंत्रीमंडल के सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया.

कार्यक्रम डीईओ संजय सिंह तोमर, प्राचार्य डॉ. अनिता भालेराव की उपस्थिति में आयोजित हुआ. अतिथियों का स्वागत संस्था अध्यक्ष एड. जॉली कुरियन एवं प्राचार्या डॉ. बीना जे. कुरियन ने करते हुए चयनित विद्यार्थियों, हाउस केप्टन, स्काउट, गाइड एवं बैण्ड ग्रुप ने मार्च पास्ट कर अतिथियों को सलामी दी. अतिथियों ने सीनियर एवं जूनियर स्कूल केबिनेट के पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर बैच प्रदान किए.




डीईओ श्री तोमर ने कहा कि विद्यार्थियों को नेतृत्व की जो जिम्मेदारी सौंपी गई है. उसे पूर्ण निष्ठा से निभाना चाहिए. हमने जो शपथ ली है, उसका पालन भी करना है. डाईट प्राचार्या डॉ. भालेराव ने कहा अनुशासित रहकर ही नेतृत्व किया जा सकता है. स्कूल केबिनेट से विद्यार्थियों में नेतृत्व का भाव जागेगा.

संस्था अध्यक्ष जॉली कुरियन ने कहा कि विद्यार्थी ही देश का भविष्य हैं. प्राचार्या डॉ. बीना जे कुरियन ने बताया कि विद्यालयीन मंत्रीमंडल का मुख्य उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, सहयोग, मानसिक और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना है. इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी. कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका साक्षी गोगिया एवं निकिता बघेल द्वारा किया गया.

### धोखाधड़ी का फरार आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**सीहोर 20 सितंबर.** कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी कर फर्जी चरित्र सत्यापन दस्तावेज बनवाने वाले दो आरोपियों को जहां पहले ही गिरफ्तार कर लिया था. वहीं मामले में एक अन्य फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है.

जानकारी के अनुसार 27 जुलाई को फरियादी आरक्षक विक्रम जाट ने रिपोर्ट बताया कि प्रिंस कुमार का आनलाईन चरित्र सत्यापन थाना पर प्राप्त हुआ. जब प्रिंस अपने साथी अनिकेश के साथ थाना चरित्र सत्यापन प्राप्त करने आया तो प्रिंस से दस्तावेज चाहे गए. प्रिंस द्वारा अपने दस्तावेज आधार कार्ड, वोटर कार्ड, स्थानीय निवासी मूल प्रमाण पत्र पेश किया जिसमें निवास स्थान ब्रह्मपुरी कालोनी का होना पाया गया. आरोपी प्रिंस से पूछताछ की गई तो ठीक से जवाब नहीं दे सका. पूछने पर बताया कि वह उत्तरप्रदेश का रहने वाला है. जो चरित्र सत्यापन से बुधनी रेल्वे स्टेशन में टिकिट काटने की नौकरी प्राप्त करना चाहता था. जांच के दौरान पुलिस ने 27 जुलाई को आरोपी अनिकेश उर्फ अनिश पिता रामअवतार निवासी करहारा खुर्द थाना चरखारी जिला महोबा उत्तरप्रदेश एवं प्रिंस कुमार आ. बृजभूषण निवासी ग्राम बहगांव थाना राठ तहसील राठ जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश से प्राप्त फर्जी दस्तावेज को जप्त कर उक्त आरोपियों को न्यायालय पेश किया. फरार चल रहे आरोपी अंकित साहू को गत दिवस गिरफ्तार कर कर लिया गया.